हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है

हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है,
मेरे माँझी बन जाओ, मेरी नाँव चला जाओ,
बेटे को बाबा श्याम, तुम गले लगा जाओ,
हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है।

मैंने सुना है तू दुखड़े मिटाता,
बिन बोले भगतों की बिगड़ी बनाता,
बिन बोले भगतों की बिगड़ी बनाता,
मिलता ना किनारा है,
ना कोई और सहारा है,
हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है।

तुमसे ही जीवन मेरा, ओ मेरे बाबा,
कैसे चलेगा समझ ना आता,
कैसे चलेगा समझ ना आता,
तुम धीर बंधाते हो, तो साँसे चलती है,
मुझे समझ ना आता है, मेरी क्या ग़लती है,
हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है।

परिवार मेरा तेरे गुण है गाता,
दोषी तो मैं हूँ उन्हें क्यों सताता,
दोषी तो मैं हूँ उन्हें क्यों सताता,
उन्हें तुझपे भरोसा है, तूने पला पोसा है ,
हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा हैं,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है।

हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है,
मेरे माँझी बन जाओ, मेरी नाँव चला जाओ,
बेटे को बाबा श्याम, तुम गले लगा जाओ,
हारा हूँ बाबा बस तुझपे भरोसा है,
जीतूँगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है।

eAstroHelp